# प्रेस नोट
## थाना कोतवाली, जनपद झाँसी

**दिनांक – 07.09.2026**

- ✓ **झाँसी पुलिस की साइबर अपराध के विरुद्ध की जा रही प्रभावी कार्यवाही,**
- ✓ **थाना कोतवाली साइबर सेल द्वारा साइबर ठगी से संबंधित 02 पीड़ितों के खाते में 01,00,000/- रुपए व 46,500/- रुपए (कुल 01,46,500/- रुपए)की धनराशि पीड़ितों के खातें में वापस कराई गई,**

साइबर अपराधों की रोकथाम एवं साइबर ठगी के प्रति आमजन को जागरूक करने हेतु श्रीमान पुलिस महानिदेशक, साइबर क्राइम उ0प्र0 लखनऊ श्री विनोद के. सिंह के निर्देशानुसार एवं पुलिस महानिरीक्षक झाँसी परिक्षेत्र झाँसी श्री आकाश कुलहरि तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक झाँसी श्री विकास कुमार के कुशल मार्गदर्शन एवं निर्देशन में, पुलिस अधीक्षक नगर/नोडल अधिकारी साइबर क्राइम जनपद झाँसी श्रीमती अरीबा नोमान एवं क्षेत्राधिकारी सदर सुश्री प्रिया सिंह के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में बढ़ते साइबर अपराधों की रोकथाम व बचाव हेतु लोगों, बच्चों तथा महिलाओं को जागरुक करने के साथ-साथ लोगों के साथ हुई साइबर ठगी में कार्यवाही करने के क्रम में आज दिनांक 07.09.2026 को थाना कोतवाली साइबर सेल झाँसी द्वारा साइबर ठगी के शिकार हुए 02 पीड़ितों **- 01. रुकसार निवासी- 382 रानीमहल तलैया थाना कोतवाली झांसी व 02. अनिकेत छत्रसाल निवासी- 40 इतवारीगंज थाना कोतवाली झांसी की क्रमशः 01,00,000/- रु0 व 46,500/- रु0 (कुल 01,46,500/- रुपए)** की धनराशि रिकवर करायी गयी।

उक्त पीड़ितों द्वारा पुलिस की प्रशंसा करते हुए धन्यवाद पत्र दिया गया।

**कुल बरामद करायी गयी धनराशिः**- 01,46,500/- रुपए

**बरामद करने वाली टीम का विवरणः-**

01. प्रभारी निरीक्षक श्री अंजन कुमार सिंह
02. उ0नि0 अनुराग सिंह
03. म0का0 अलोपी यादव
04. रि0का0 अमन जैन
05. रि0का0 रितिक मिश्रा